विद्याभवन बालिका विद्यापीठ लखीसराय

कक्षा – सप्तम                                         दिनांक -06 - 09 - 2021

विषय -हिन्दी                                         विषय शिक्षक - पंकज कुमार

एन, सी, ई, आरटी, पर आधारित

## सुप्रभात बच्चों आज जीवन नहीं मरा करता है नामक शीर्षक के बारे में अध्ययन करेंगे

छिप छिप अंश्रु बहाने वालों,

मोती व्यर्थ लुटाने वालों
कुछ सपनों के मर जाने से जीवन नहीं मरा करता है।

सपना क्या है, नयन सेज पर
सोया हुया आंख का पानी
और टूटना है उसको ज्यों
जागे कच्ची नींद जवानी
गीली उमर बनाने वालों, डूबे बिना नहाने वालों
कुछ पानी के बह जाने से सावन नहीं मरा करता है।

माला विखर गई तो क्या है,
खुद ही हल हो गयी समस्या
आंसू गर नीलाम हुये तो
समझो पूरी हुई तपस्या
रूठे दिवस मनाने वालों, फटी कमीज सिलाने वाले
कुछ दीपक के वुझ जाने से आंगन नहीं मरा करता है।

खोता कुछ भी नहीं यहां पर

केवल जिल्द बदलती पोथी
जैसे रात उतार चॉदनी
पहने सुबह धूप की धोती
वस्त्र बदलकर आने वाले, चाल बदलकर जाने वालों
चंद खिलौनों के खोने से बचपन नहीं मरा करता है।

लाखों बार गगरिया फूटी
शिकन न आयी पर पनघट पर
लाखों वार किश्तियां डूबीं
चहल पहल वो ही है घाट पर
तम की उमर बढ़ाने वालों लौ की उमर घटाने वालों
लाख करे पतझड़ कोशिश पर उपवन नहीं मरा करता है।